किला तलहटी में मिली युवती की लाश

खुद किले से कूदी या गिरने से हुआ हादसा, पुलिस कर रही जाँच

नवभारत न्यूज

ग्वालियर,17दिसम्बर। किले की तलहटी में युवती का शव पड़ा मिला है। घटना बुधवार शाम करीब 4:30 बजे ग्वालियर थाना क्षेत्र के किला तलहटी स्थित गोलअंदाज मोहल्ले की है। स्थानीय लोगों ने किले की तलहटी में युवती का शव पड़े होने की सूचना पुलिस को दी थी। सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंचा। जांच में मृतक युवती के शव के पास से कोई भी ऐसा दस्तावेज नहीं मिला, जिससे उसकी पहचान की जा सके। उसके पास से कोई सुसाइड नोट भी बरामद नहीं हुआ है। युवती के किले से कूदने या गिरने की आशंका जताई जा रही है।

पुलिस ने पड़ताल के बाद मृतिका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अब युवती की पहचान के लिए शहर के अन्य थानों से गुमशुदा युवतियों की जानकारी जुटा रही है।

मृतिका की उम्र लगभग 24 से 25 वर्ष बताई जा रही है। उसकी पैंट की जेब से कुछ रुपए मिले हैं। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि युवती ने खुद किले से छलांग लगाई थी या वह किसी हादसे का शिकार हुई है। फिलहाल, पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आगे की पड़ताल जारी है।

पुलिस ने जांच कर कार्रवाई की कही बात ग्वालियर थाना प्रभारी प्रशांत शर्मा का कहना है कि सूचना मिली थी कि एक लड़की ने किले से कूदकर जान दे दी है। थाने का बल मौके पर पहुंचा था, जहां शव के पास कोई भी दस्तावेज नहीं मिला है न ही युवती की पहचान नहीं हो सकी है। युवती की पहचान के लिए उसका फोटो सोशल मीडिया पर सर्कुलेट किया है। साथ ही शहर के अन्य थानों से गुमशुदा युवतियों की जानकारी जुटाई जा रही है। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम हाउस रखवा दिया गया है अभी मृतिका की पहचान नहीं हो पाई है पहचान होने के बाद आगे कार्यवाही की जाएगी।

दिन में चूड़ियां तो शाम को बिकती थी शराब

बाड़ा स्थित हिमानी बैंगल्स स्टोर से मिली महंगी शराब की बोतलें, आबकारी विभाग ने की कार्यवाही

नवभारत न्यूज

ग्वालियर, 17 दिसंबर। महाराज बाड़ा स्थित हिमानी बैंगल्स स्टोर से अवैध शराब की बोतलें मिलने का मामला सामने आया है। आबकारी विभाग ने मुखबिर की सूचना पर मिलने पर चूड़ियों की दुकान पर छापा मारा तो तीन शराब की बोतल तथा तीन हाफ बरामद हुईं। शराब क्यों रखी थी, इसका जवाब दुकानदार ने नहीं दिया। महाराज बाड़ा स्थित हिमानी बैंगल्स स्टोर पर दिन के समय तो महिलाओं की भीड़ लगी रहती थी, लेकिन शाम होने के बाद वहां पुरुषों का जमावड़ा शुरु हो जाता था। यही बात मुखबिरों को खटकी तो उन्होंने आबकारी विभाग को सूचना दी। अफसरों ने मुखबिरों से कहा कि वह पूरी तरह से पता करें कि आखिर माजरा क्या है जो चूड़ियों की दुकान पर पुरुषों की भीड़ जमा होने लगती है वह भी अंधेरा छाने के बाद। मुखबिर सक्रिय हुए तो पता चला कि वहां से महंगी शराब सस्ते दामों में मिलती है। बस यही टिप आबकारी विभाग के लिए बहुत थी। आबकारी विभाग ने चूड़ियों की दुकान पर छापा मारकर तलाशी ली तो महंगी शराब की बोतलें बरामद हुईं। टीम ने शराब को जब्त कर लिया।

टमटम पलटने से मां-बेटी घायल

नवभारत न्यूज

ग्वालियर, 17 दिसंबर। टमटम चालक की लापरवाही से वाहन पलट गया, जिससे उसमें बैठीं मां-बेटी घायल हो गईं। घटना बावन पाएगा नई सड़क की है। जनकगंज थाना पुलिस ने टमटम चालक के खिलाफ मामला कायम कर लिया है।

रूप किशोर राठौर निवासी बावन पाएगा ने बताया कि बीते रोज उसकी पत्नी व बेटी बहोड़ापुर गए थे। वहां से वापस आने के लिए टमटम में बैठ गए। बावन पाएगा पहुंचने वाले थे कि तभी टमटम नम्बर एमपी 07 एएफ-8093 के चालक ने वाहन को तेजी से चलाना शुरु कर दिया।

बहोड़ापुर क्षेत्र के मानपुर फेज-1 में आधी रात को बबाल

नवभारत न्यूज

ग्वालियर, 17 दिसंबर । सागरताल रोड पर रजबाड़ा गार्डन के सामने बनी मानपुर फेज-1 सरकारी मल्टी के एक फ्लैट में युवकों के आने-जाने पर आपत्ति जताना एक परिवार को महंगा पड़ गया। युवती के घर आने वाले युवकों ने आपत्ति जताने वाले वाजपेयी परिवार के साथ धक्का-मुक्की करते हुए मारपीट कर दी। मामला बहोड़ापुर थाने पहुंचा तो पुलिस ने फ्लैट के मालिक को बुला लिया। पता चला है कि फ्लैट मालिक ने युवती से घर खाली करने के लिए कहा है। मानपुर फेज-1 के ई-20 के फ्लैट नम्बर 104 को गगन गुप्ता ने किसी आरती सूर्यवंशी को किराए पर दिया है। आरती सूर्यवंशी के किराए के फ्लैट में रात के समय युवकों का आना-जाना लगा रहता है, इसे लेकर वाजपेयी परिवार आपत्ति जता चुका है। रात करीब 1:30 बजे आरती सूर्यवंशी के फ्लैट पर चार युवक पहुंचे तो पड़ोस में रहने वाली आकांक्षा वाजपेयी ने इस पर आपत्ति जताई। आरती से पूछा तो उसने किसी को अपना भाई बताया तो किसी को पति बताने लगी। लेकिन इस टोका-टाकी की वजह से आर्यन सिकरवार तथा हनी बाथम ने आकांक्षा वाजपेयी तथा उनके पति अभिषेक वाजपेयी के साथ धक्का-मुक्की कर दी।

इनका कहना है...
किराए के फ्लैट में रहने वाली आरती सूर्यवंशी के यहां रोज-रोज इस तरह युवकों के आने और मारपीट किए जाने के बाद आकांक्षा वाजपेयी बहोड़ापुर थाने पहुंच गईं और पुलिस को पूरी घटना से अवगत कराया। मामला जानने के बाद फ्लैट मालिक गगन गुप्ता को थाने बुला लिया। आरती सूर्यवंशी, आर्यन सिकरवार तथा हनी बाथम के खिलाफ मामला कायम कर लिया है।

आलोक सिंह परिहार
थाना प्रभारी बहोड़ापुर

सेवा नगर में बहन को देखने गई थी महिला, चोर ले गए जेवर

नवभारत न्यूज

ग्वालियर, 17 दिसंबर। बहन को देखने सेवा नगर गई महिला के घर का ताला तोड़कर अज्ञात चोर सोने के मोती तथा चांदी के जेवर क्षेत्र की पार कर ले गया। महिला ने चोरी का शक पास में ही रहने वाले एक युवक पर जताया है। घटना मुर्गी फार्म अवाड़पुरा में दोपहर की है। कंपू थाना पुलिस ने मामला कायम कर जांच शुरु कर दी है। समरीन खान पत्नी मकसूद खान निवासी मुर्गी फार्म अवाड़पुरा अपनी बीमार बहन को देखने सेवानगर गई थीं। दोपहर में करीब डेढ़ बजे जब वह वापस आईं तो देखा कि मकान का ताला टूटा हुआ पड़ा है। अंदर पहुंचीं तो पूरा सामान तितर-बितर पड़ा हुआ था। अज्ञात चोर घर में रखे सोने के चार मोती, चांदी की पायल 2 जोड़ी, हाथफूल 2 जोड़ी चोरी हो गए। उसे शक है कि चोरी पिल्लू ने की है।

युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

नवभारत न्यूज

ग्वालियर, 17 दिसंबर। अज्ञात कारणों के चलते 22 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना जनकगंज थाना क्षेत्र के संजय नगर पानी की टंकी के पास दोपहर की है। पुलिस ने मर्ग कायम कर घटना की जांच शुरु कर दी है। गौरव कुशवाह 22 वर्ष पुत्र हरीराम कुशवाह निवासी संजय नगर मजदूरी करता था। माता-पिता भी मजदूरी करके भरण-पोषण करते हैं। मृतक की चार बहने थीं जिनकी शादी हो चुकी है। बताया गया है कि मंगलवार को गौरव कुशवाह दोपहर में घर पहुंचा और छत के कुंदे में रस्सी का फंदा बनाकर फांसी पर झूल गया। किसी पड़ोसी की नजर कमरे की तरफ गई तो उसने संजय को फांसी के फंदे पर लटकते हुए देखा। इसके बाद पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

मामले की जांच कर रहे एएसआई बलवीर सिंह कौरव ने बताया कि युवक ने आत्महत्या क्यों कि इसका पता नहीं चला है। माता-पिता अभी कुछ बताने की स्थिति में नहीं हैं। हालात थोड़े सामान्य होंगे तब कुछ पता चलेगा।

चोरों ने ताला तोड़ा और ले गए 9 .50 लाख के तार

ग्वालियर, 17 दिसंबर। इंपीरियल रिसॉर्ट के सामने बन रहे वेलकम होटल के स्टोर में चोरों के पांव पड़ गए। पांच की संख्या में चोर निर्माणाधीन होटल के स्टोर रूम में पहुंचे और वहां से 9.50 लाख रुपए कीमत के 62 बंडल कॉपर के तार के चोरी कर ले गए।

लायंस ने बच्चों को गर्म टोपे वितरण किये

नवभारत न्यूज

ग्वालियर, 17 दिसंबर। इंटरनेशनल लायंस क्लब आर्यन ग्वालियर प्रांत द्वारा सेवा भारती मात्र छाया शिशु कल्याण केंद्र कंपू में बच्चों को गर्म टोपों का वितरण किया गया । कार्यक्रम कोऑर्डिनेटर सचिव लाइन नूपुर गोयल अध्यक्ष किरण सोनी एम जे एफ लाइन डॉक्टर मीरा जैन रानौं पथरोलिया कोषाध्यक्ष लाइन कल्पना जैन उपस्थित रही। बच्चों से मिलकर बहुत अच्छा लगा कुदरत भी कभी-कभी अन्याय करती है मासूम बच्चों की देखभाल बहुत ही अच्छे ढंग से होती है आगे भी इसी तरह के कार्यक्रमों का आयोजन करते रहेंगे।

हवा की रफ्तार थमते ही बढ़ा पारा

ग्वालियर, 17 दिसंबर। ग्वालियर में मौसम की लुका-छुपी चल रही है, शहर के न्यूनतम तापमान में लगभग एक डिग्री की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। शहर का न्यूनतम और अधिकतम तापमान दोनों ही लगभग 1.9 डिग्री अधिक चल रहे हैं। न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी का कारण रात में हवा की रफ्तार का धीमा होना बताया जा रहा है। हालांकि रात को भी हवा की रफ्तार धीमी ही रहेगी। शहर का न्यूनतम तापमान 9.8 डिग्री दर्ज किया गया जो कि सामान्य से 1.9 डिग्री अधिक है, इसी प्रकार दिसंबर के अंतिम सप्ताह में ग्वालियर में लौटेगी कड़ाके वाली ठंड अधिकतम तापमान 27.2 डिग्री दर्ज किया गया है जो कि अधिकतम तापमान से 1.9 डिग्री अधिक है। पश्चिमी विक्षोभ के कारण तीन दिनों से पड़ रहे कोहरे ने हवा में ठंडक घोल दी है, इसके कारण भले ही तापमान सामान्य से अधिक चल रहा है।

वरिष्ठ पेंशनर्स का हुआ सम्मान

नवभारत न्यूज

ग्वालियर, 17 दिसम्बर। नगर निगम ग्वालियर से सेवानिवृत कर्मचारियों ने सेवा निवृत कर्मचारी दिवस पर 75 वर्ष पूर्ण कर चुके हैं 15 सेवा निवृत कर्मचारियों का सम्मान शॉल श्रीफल देकर किया। कार्यक्रम में पेंशसनर्स संघ के अध्यक्ष जयकिशन गौड, पूर्व स्वास्थ्य अधिकारी आरसी कुलश्रेष्ट, नारायण प्रसाद भुजंग, ओमप्र काश बुधेनिया सहित 150 से अधिक सेवा निवृत कर्मचारी उपस्थित रहे।

पेंशनर्स कर्मचारी संघ के महामंत्री प्रेम पचौरी ने जानकारी देते हुए बताया कि बाल भवन के सभागार में निगम सेवा से सेवा निवृत कर्मचारियों ने सेवा निवृत कर्मचारी दिवस बडी ही हर्सोउल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर कार्यक्रम की मुख्य अथिति के रूप में अपर आयुक्त वित्त रजनी शुक्ला ने कहा कि भले ही आज निगम से सेवा से निवृत हो गए है हों परंतु आज भी आप निगम परिवार की ही हिस्सा हो। सेवा निवृत होने के बाद आप अपना अच्छा जीवन जियेगें इसलिए सरकार द्वारा पेंशन दी जाती है। सेवा निवृति के बाद पेंशन ही सच्ची जीवन साथी हैं जो आपकी विपत्ति में काम आती है।

उन्होंने कहा कि आपकी छोटी-छोटी समस्याओं का समाधान लेखा शाखा से हो जाता है। इसके बाद अपर आयुक्त वित्त श्रीमती रजनी शुक्ला ने निगम सेवा से सेवा निवृत हुए तथा 75 वर्ष पूर्ण कर चुके ऐसे 15 सेवा निवृत कर्मचारियों का सम्मान किया।

आईटीएम की छात्रा का सिलेक्शन होने पर सम्मान

नवभारत न्यूज

ग्वालियर, 17 दिसंबर। आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर के आईटीएम स्कूल ऑफ स्पोर्ट्स एजुकेशन में बीपीईएस फर्स्ट ईयर की ग्वालियर निवासी छात्रा खिलाड़ी वैष्णवी शर्मा का भारतीय महिला टीम इंडिया में सिलेक्शन होने पर आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर में समारोह का आयोजन कर उन्हें सम्मानित किया गया। इस अवसर पर खिलाड़ी वैष्णवी शर्मा के पिता नरेंद्र शर्मा, आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर की चांसलर रुचि सिंह, प्रो-चांसलर डॉ. दौलत सिंह चौहान, रजिस्ट्रार डॉ. ओमवीर सिंह, आईटीएम स्कूल ऑफ स्पोर्ट्स एजुकेशन के एचओडी डॉ. विपिन तिवारी सहित विभिन्न विभागों में विभागध्यक्ष, डीन, एचओडी, प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर असिस्टेंट प्रोफेसर सहित आईटीएम यूनिवर्सिटी और आईटीएम ग्लोबल स्कूल के खिलाड़ी व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। आईटीएम यूनिवर्सिटी की उभरती क्रिकेटर वैष्णवी शर्मा को पहली बार भारतीय महिला टी-20 टीम में जगह मिली है। स्पिनर वैष्णवी का चयन श्रीलंका के खिलाफ होने वाली पांच मैचों की टी-20 सीरीज के लिए किया गया है। यह उपलब्धि आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर के साथ-साथ पूरे मध्य प्रदेश के लिए गर्व का क्षण है। आईटीएम यूनिवर्सिटी में आयोजित सम्मान समारोह के दौरान सम्मानित होने के बाद खिलाड़ी वैष्णवी शर्मा ने कहा कि टीम इंडिया सिलेक्शन पर मुझे बहुत खुशी हो रही है। उन्होंने बताया कि मेरा हरमनप्रीत कौर के साथ खेलना उनका सपना था जो अब पूरा होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस टी-20 में मैं इंडिया के लिए अपना बेस्ट दूंगी।

वैष्णवी को शॉल और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर की चांसलर श्रीमती रुचि सिंह, प्रो-चांसलर डॉ. दौलत सिंह चौहान, रजिस्ट्रार डॉ. ओमवीर सिंह, आईटीएम स्कूल ऑफ स्पोर्ट्स एजुकेशन के एचओडी डॉ. विपिन तिवारी सहित आईटीएम यूनिवर्सिटी प्रबंधन ने शुभकामनाएं दी ।

प्रथम पुण्य-स्मरण
निर्वाण: 18-12-2024
विनम्र श्रद्धांजलि



परम श्रद्धेय स्व.
श्री शिवदयाल शर्मा
(पं. आजाद रामपुरी)
पिता जीवन है,संबल है, सृष्टि के निर्माण की अभिव्यक्ति हैं
पिता की कमी को कोई बाँट नहीं सकता
ईश्वर भी उनके आशीषों को काट नहीं सकता।
: श्रद्धानवत :
अनिल शर्मा (पत्रकार), जय प्रकाश शर्मा (पुत्र), श्रीमती ममता शर्मा (पुत्रवधू) रोहित शर्मा (पौत्र), दिव्या शर्मा (पौत्री), श्रीमती रमा-नीलाम्बुज पाठक (पुत्री-दामाद), आकृति (नातिन), प्रथमेश (नाती), रामकुमार, राकेश, मुकेश, सुभाष, उमेश कृष्णकांत (भतीजे) एवं समस्त समाधिया परिवार रामपुर कलां
निवासः 27 अल्कापुरी, न्यू हाई कोर्ट के पीछे, ग्वालियर
9425337482, 9406984150
ATUL

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
भारत सरकार

"मौसम के जोखिमों से हमारे मेहनती किसान भाई-बहनों के हितों को सुरक्षित करने में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना काफी कारगर साबित हो रही है। इसका लाभ करोड़ों किसानों को मिल रहा है।"
– नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

मुझे मिला भरोसा, फसलों को मिली सुरक्षा
फसल बीमा कराओ सुरक्षा कवच पाओ

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की 9 वर्षों की उपलब्धियां
- 82+ करोड़ किसान आवेदन प्राप्त
- लगभग ₹2 लाख करोड़ के क्लेम का किसानों को भुगतान
- 23+ करोड़ किसान आवेदनों को फसल बीमा का लाभ
- राष्ट्रीय फसल बीमा पोर्टल द्वारा पारदर्शी एवं त्वरित दावा भुगतान

पंजीकरण की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर, 2025

देशव्यापी हेल्पलाइन 14447

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना

बीमा भागीदार: AIC, Bajaj General, Chola MS, General Central, HDFC ERGO, ICICI Lombard, IFFCO-TOKIO, Kshema, Oriental Insurance, Reliance General Insurance, SBI general, TATA AIG, Universal Sompo General Insurance, Agriculture Insurance Company of India

अपनी फसलों को आज ही बीमित करने के लिए संपर्क करें

नजदीकी कृषि विभाग कार्यालय | जनसेवा केंद्र | क्रॉप इंश्योरेंस ऐप https://play.google.com | पोस्ट ऑफिस | बैंक शाखा

@PMFBY

योजना से संबंधित अधिक जानकारी के लिए QR कोड स्कैन करें

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा सिटी सेंटर, ग्वालियर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., सिटी सेंटर से मुद्रित. संपादक हरीश दुबे* समाचार संपादक- अनिल शर्मा, फोन-0751-4086200, फैक्स- 2343200 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार डाक पंजीयन क्रमांक 507/2008/ग्वा. RNI Reg. No. 62237/95